पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

———————

जनपदीय गौशालाओं में बायोगैस प्लांट लगाए जाएं

———————

बायोगैस से ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा

———————

लखनऊः 22 दिसम्बर, 2020

प्रदेश में बायो ऊर्जा, आर्गनिक फर्टिलाइजर मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिये राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गुजरात के बायो गैस विशेषज्ञ डा0 भरत पटेल द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज कैमिकल फर्टिलाइजर पेस्टीसाइड आदि का बहुतायत से प्रयोग होने के कारण जनसमुदाय विभिन्न गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। जरूरी है कि आज हम कार्बनिक उर्वरकों के प्रयोग हेतु किसानों को प्रेरित करें। डा0 भरत पटेल ने बताया प्रेसमड, गोबर तथा पराली को मिलाकर बायोगैस सफलतापूर्वक तैयार किया जा सकता है, जिसका उपयोग बायो फर्टिलाइजर, बायोगैस तथा सी0एन0जी0 के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुये कहा कि इसे सर्वप्रथम प्रदेश के प्रत्येक जिले में स्थापित गौशालाओं में स्थापित कराया जायेग। किसानों को अपने खेतों में आर्गेनिक खाद प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में आर्गेनिक मिशन के तहत ये कार्य प्रत्येक जनपद में किये जायेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे गुजरात जाकर वहां स्थापित विभिन्न बायोगैस प्लांटों को देखें तथा एक कार्य योजना तैयार करें ताकि इस प्रभावी ढंग से प्रदेश में लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि हमें अपनी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन आर्गेनिक मिशन, अपशिष्ट फ्री फार्मिग, ग्रीन इनर्जी की सुविधा प्रदान करनी है तथा किसानों की आय दो दुगनी करने के सभी उपाय करने हैं ऐसा करने से ग्रामीण क्षेत्रों का चौमुखी विकास हो सकेगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव कृषि डा0 देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री अरविन्द कुमार, अपर मुख्य सचिव पशुधन श्री भुवनेश कुमार एवं विशेष सचिव मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (96/14)

राजभवन उत्तर प्रदेश

Our story
Our visionary
Vision & Mission
Organic mission UP - INDIA
Rise of rural India
राजभवन उत्तर प्रदेश